हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, मंगलवार 24 मार्च 2026
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

12 अनुसूचित जाति एवं जनजाति प्रकरणों ...



11 चैत्र नवरात्रि पर योगेश ने मंदिरों में की पूजा ...



नवरात्रि विशेष



## षष्ठमः कात्यायनी

मां भगवती का छठा रूप कात्यायनी का है। छठे नवरात्रि को मां की इसी स्वरूप की पूजा होती है। ऐसा विश्वास है कि कात्यायनी के गोत्र में मर्हिष कात्यायन हुए थे। उनकी इच्छा थी कि मां भगवती उनके घर पुत्री रूप में जन्म लें। उन्हेंने कठोर तप किया। भगवती ने उनकी प्रार्थना स्वीकार कर उनके घर पुत्री रूप में जन्म लिया। इसलिए उनका नाम कात्यायनी पड़ा। यह भी माना जाता है। कि जब पृथ्वी पर महिषासुर के अत्याचार बहुत बढ़ गए, तब भगवान ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों ने अपने -अपने तेज का अंश देकर महिषासुर के विनाश के लिए एक देवी को उत्पन्न किया। महर्षि कात्यायन ने सबसे पहले इनकी पूजा की। इस कारण से भी यह कात्यायनी कहलाई। ऐसी भी कथा है कि भगवती महर्षि कात्यायन के घर पुत्री रूप में जन्मी थी। आश्विन कृष्ण चतुर्दशी को जन्म लेकर शुक्ल सप्तमी, अष्टमी और नवमी तक तीन दिन इन्होंने कात्यायन की पूजा ग्रहण कर दशमी को महिषसुर का वध किया था। ऐसी भी कथा है कि कृष्ण को पति रूप में पाने के लिए गोपियों ने कालिंदी-यमुना के तट पर कात्यायनी मां पूजा की थी। यह ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी के रूप में प्रतिष्ठित है। कात्यायनी प्रकृति की क्रियात्मक शक्ति है जो मन का तत्वात्मक रूप से संचालन करती है। इनकी आठ भुजाएं हैं। इनका वर्ण स्वर्ण समान है। इनकी पूजा से भक्त इनके पास रहकर परमपद प्राप्त करता है।भगवती कात्यायनी की आराधना का श्लोक है-
चंदहासोज्ज्वलकरा
शार्दूलवरवाहना।

# मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान शिविर से 32 उपभोक्ता लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से सोमवार 23 मार्च को ग्राम बाबामोहतरा में विद्युत विभाग द्वारा मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और योजना की जानकारी लेकर लाभ उठाया। शिविर में विभागीय अधिकारियों ने उपभोक्ताओं को योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना के माध्यम से बकाया बिजली बिल का आसान किस्तों में भुगतान कर राहत प्राप्त की जा सकती है। साथ ही, पंजीयन कर तत्काल लाभ लेने के लिए भी प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में कार्यपालन अभियंता मो. जलालुद्दीन खान, सहायक अभियंता गुलाब साहू सहित विद्युत विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। वहीं ग्राम पंचायत के सरपंच तामेश देवदास, नामदेव साहू, उपसरपंच कमल साहू, प्रहलाद साहू, साधे लाल सोनवानी, रामू लहरे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपभोक्ता भी शामिल हुए। शिविर के दौरान कुल 32 उपभोक्ताओं ने मौके पर ही पंजीयन राशि जमा कर योजना का लाभ प्राप्त किया।

- ग्राम पंचायत के सरपंच और अन्य गणमान्य नागरिक भी शामिल

### बकाया बिजली बिल आसान किस्तों में चुकाने का अवसर




### जानकारी व सुविधा मिली

अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के शिविरों के माध्यम से उपभोक्ताओं को बकाया भुगतान में सहूलियत मिल रही है तथा बिजली बिल संबंधी समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों से उन्हें समय पर जानकारी और सुविधा मिलती है, जिससे उन्हें विभागीय कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते। विद्युत विभाग द्वारा आगे भी अन्य गांवों में इसी तरह के शिविर आयोजित किए जाने की जानकारी दी गई।

मांग : मरम्मत नहीं हुई तो आंदोलन तय, करही जैसी स्थिति दोहराने की दी चेतावनी

# मरम्मत के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति, थान खम्हरिया क्षेत्र की जर्जर सड़कों से ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज. बेमेतरा/थान खम्हरिया

जिले की थान खम्हरिया तहसील क्षेत्र में सड़कों की बदहाल स्थिति अब ग्रामीणों के लिए गंभीर समस्या बन चुकी है। क्षेत्र के अधिकांश प्रमुख ग्रामीण मार्ग, जो लोक निर्माण विभाग और प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत आते हैं, पूरी तरह जर्जर हो चुके हैं। हालात यह हैं कि लोगों का दैनिक आवागमन तक मुश्किल हो गया है और ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सड़कों की मरम्मत नहीं कराई गई, तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे।

हाल ही में ग्राम करही के ग्रामीणों द्वारा कवर्धा-बेमेतरा मुख्य मार्ग पर किए गए चक्काजाम को उदाहरण बताते हुए क्षेत्र में वैसी ही स्थिति बनने की आशंका जताई जा रही है।ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक ईश्वर साहू और संबंधित विभागों से मांग की है कि सभी जर्जर सड़कों का तत्काल संधारण कराया जाए। उनका कहना है कि साजा विधानसभा क्षेत्र में जनता ने भारी समर्थन देकर जनप्रतिनिधि चुना है, ऐसे में मूलभूत सुविधाओं की पूर्ति प्राथमिकता होनी चाहिए।

### टेंडर प्रक्रिया अधूरी

सूत्रों के अनुसार थान खम्हरिया से साजा (18 किमी) और साजा से देवकर (14 किमी) मुख्य मार्ग के संधारण की स्वीकृति मिल चुकी है, लेकिन अभी तक टेंडर प्रक्रिया शुरू नहीं हो पाई है। इससे काम शुरू होने में और देरी की आशंका है।

**सीमावर्ती गांवों में हालात और गंभीर**:विशेषकर सीमावर्ती ग्राम उरैहा, खपरी, ढेकापुर, खैरझिटीकला, हरदास, डगनिया, हेडसपुर, बनियाडीह, बेलतरा, बेलगांव और भिंडरवानी जैसे गांवों में सड़कें पूरी तरह जर्जर हो चुकी हैं। इन क्षेत्रों के ग्रामीणों को तहसील मुख्यालय थान खम्हरिया और ब्लॉक मुख्यालय साजा तक पहुंचने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।



### इन मार्गों की हालत सबसे खराब

थान खम्हरिया तहसील के कई महत्वपूर्ण संपर्क मार्गों की स्थिति बेहद खराब है। इनमें प्रमुख रूप से ग्राम टेढ़ी से उरैहा,थान खम्हरिया से उमरावनगर, गुवारा से दर्री-पेंड्रीकला-श्यामपुरकांपा, खाती से गाड़ाघाट, अकोला से घिवरी, टिपनी से गोपालपुर इन सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे, उखड़ी डामर और कीचड़ ने आवागमन को जोखिम भरा बना दिया है। बरसात के दिनों में स्थिति और भी भयावह हो जाती है।

### नई सड़क के बाद भी अधूरा कनेक्टिविटी

थान खम्हरिया से साजा मुख्य मार्ग पर खपरी से कांपा तक नई सड़क बनाई गई है, लेकिन कांपा से टेढ़ी–उरैहा तक का मार्ग बेहद खराब स्थिति में है। इससे पूरी कनेक्टिविटी प्रभावित हो रही है और ग्रामीणों को आधे रास्ते में ही दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

**हर साल मरम्मत के नाम पर खानापूर्ति का आरोपः** श्याम लाल, सरजू सहित अन्य ग्रामीणों का आरोप है कि लोक निर्माण विभाग हर वर्ष सड़क मरम्मत के नाम पर सिर्फ औपचारिकता निभाता है। ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने के लिए काम तो होता है, लेकिन मरम्मत एक माह भी टिक नहीं पाती। इससे सरकारी खर्च के बावजूद स्थायी समाधान नहीं निकल पा रहा है।

# नेशनल हाईवे जाम करने पर ग्रामीणों पर अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

करही–चिखली मार्ग की जर्जर स्थिति और भूमि मुआवजे की मांग को लेकर रविवार को राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर चक्काजाम करने वाले ग्रामीणों के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सड़क जाम कर आमजन के आवागमन को बाधित करना गंभीर अपराध है और ऐसे कृत्य किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। जानकारी के अनुसार, ग्राम करही के ग्रामीणों ने रविवार को कवर्धा–बेमेतरा मुख्य मार्ग स्थित अगरी तिराहे पर ट्रैक्टर-ट्रॉली खड़ी कर, टेंट लगाकर एवं सड़क पर मेट बिछाकर चक्काजाम कर दिया था। इस दौरान सुबह लगभग 10:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक नेशनल हाईवे-30 पूरी तरह अवरुद्ध रहा, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। थाना खम्हरिया पुलिस ने मामले में गिरधर गढ़ेवाल, शिवसिंह चंद्राकर, कपिल चंद्राकर, मानसिंह चंद्राकर, डिकेश चंद्राकर सहित अन्य के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 189(2) एवं 126(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। पुलिस के अनुसार, आरोपियों द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग पर अवरोध उत्पन्न कर आवागमन बाधित किया गया, जो कानूनन ▶▶| शेष पेज 11 पर

- करही–चिखली मार्ग की बदहाली व मुआवजे की मांग को लेकर किया था चक्काजाम


सड़क निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों किया हाईवे जाम, 6 घंटे ठप रहा आवागमन



## खबर संक्षेप

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति पंजीयन तिथि बढ़ी, विद्यार्थियों को मिला अतिरिक्त अवसर

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना (कक्षा 12वीं से उच्चतर) हेतु ऑनलाइन पंजीयन की तिथि में वृद्धि कर दी गई है। इससे हजारों विद्यार्थियों को आवेदन का एक और मौका मिलेगा। राज्य के शासकीय एवं अशासकीय आईटीआई, महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग, मेडिकल, नर्सिंग, पॉलिटेक्निक एवं जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत पात्र छात्र अब निर्धारित नई तिथियों के अनुसार आवेदन कर सकेंगे। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया पोर्टल के माध्यम से की जा रही है। विद्यार्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन/पंजीयन (नवीन एवं नवीनीकरण) 27 मार्च 2026 तक, संस्थाओं द्वारा सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास को 29 मार्च तक, शासकीय संस्था/जिला कार्यालय द्वारा 30 मार्च तक अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित तिथियों के बाद पोर्टल बंद कर दिया जाएगा।

### 108 घरों में यज्ञ कराने का संकल्प

**डोंगरगांव।** गायत्री परिवार द्वारा जन्म शताब्दी संकल्प कार्यक्रम अंतर्गत गांव-गांव एवं घर घर में गायत्री यज्ञ कराया जा रहा है। इसी क्रम गोडलवाही में बुंदेश्वरी साहू एवं डॉ दिग्विजय साहू के प्रयास एवं गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं के सहयोग से 24 घरों में यज्ञ कराया गया। इस आयोजन में बालोद एवं राजनांदगांव जिला के लोग शामिल हुए। जिला प्रमुख जयप्रकाश सिन्हा ने दो घरों में यज्ञ कराया।

### समर कैंप का सफल आयोजन

**डोंगरगढ़।** शहर के लंडन किड्स इंटरनेशनल प्री स्कूल ने बच्चों के लिए दो दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया। इस कैंप में 2 से 7 वर्ष तक के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कैंप के दौरान बच्चों के लिए ड्रॉइंग, क्राफ्ट, डांसिंग एवं योगा जैसी विभिन्न रचनात्मक एवं मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के समापन पर प्रतिभागी बच्चों को मेडल एवं प्रमाणपत्र प्रदान कर उत्साहवर्धन किया गया।

### परिक्षेत्र स्तरीय कर्मा जयंती 25 को

**तुमडीबोड।** साहू संघ परिक्षेत्र तुमड़ीबोड़ एवं इकाई टप्पा के तत्वावधान में परिक्षेत्र स्तरीय जयंती समारोह 25 मार्च को रखा गया है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजिकजन शामिल होंगे। कार्यक्रम अंतर्गत 25 मार्च को स्कूल मैदान से प्रातः 9 बजे कलश शोभायात्रा निकाला जाएगा। शाम 4 बजे अतिथि सम्मान एवं उद्बोधन होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ निरेन्द्र साहू, प्रमुख अतिथि विधायक दलेश्वर साहू, जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू होंगे। अध्यक्षता शिवराम साहू करेंगे।

### श्री दिगम्बर जैन समाज के दूसरी बार अध्यक्ष बने सतीश

**डोंगरगांव।** श्री दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष का चुनाव गत दिनों सम्पन्न हुआ। सामाजिक जनों की आम सहमति से अध्यक्ष के पद पर मौजूदा अध्यक्ष सतीश जैन लल्ली दूसरी बार निर्वाचित हुए। उन्होंने नवीन कार्यकारिणी का गठन किया है जिसमें संरक्षक देशराज जैन, खूबचंद जैन, ऋषभ जैन, प्रमोद जैन, उपाध्यक्ष राजकुमार जैन, मंत्री प्रबोध जैन, चौधरी अनुज जैन, कोषाध्यक्ष राहुल जैन है।

### मनाया गया पाई दिवस

**जालबांधा।** स्थानीय नवीन महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता के मार्गदर्शन एवं वाणिज्य विभागाध्यक्ष संजय देवांगन के निर्देशन में अंतरराष्ट्रीय पाई दिवस मनाया गया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में प्राचार्य ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह दिन गणित के महत्वपूर्ण स्थिरांक को समर्पित है, जिसका मान 3.14 होता है।

## आयोजन : बेरला में भाजपा का दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान

# भाजपा के 170 कार्यकर्ताओं ने सीखे संगठन मजबूती और तकनीक के गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

भारतीय जनता पार्टी बेरला मंडल द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम उत्साह और अनुशासन के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता की पूजा, दीप प्रज्वलन एवं पार्टी ध्वज फहराकर किया गया। इस दौरान मंडल के करीब 170 कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण प्राप्त किया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम कुल 8 सत्रों में आयोजित किया गया, जिसमें पार्टी की विचारधारा, इतिहास, संगठन विस्तार, बूथ प्रबंधन एवं सरकार की योजनाओं जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। जिला अध्यक्ष अजय साहू ने कार्यकर्ताओं से प्रशिक्षण को गंभीरता से सुनने और उसे व्यवहार में उतारने का आह्वान करते हुए संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। पहले दिन वैचारिक और संगठनात्मक विषयों पर हुआ मंथन प्रथम दिवस के पहले सत्र में वरिष्ठ भाजपा नेता एवं राजककार विकास बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद रजक ने पार्टी के वैचारिक मूल्यों पर गहराई से प्रकाश डाला। द्वितीय सत्र में जिला पंचायत प्रतिनिधि गोवेंद्र पटेल ने पार्टी के इतिहास को विस्तार से बताते हुए कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया। तृतीय सत्र में जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि बलराम पटेल ने बूथ प्रबंधन और स्थानीय स्तर पर संगठन को मजबूत करने के गुर सिखाए। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को केवल चुनावी दृष्टिकोण से नहीं, बल्कि जनकल्याण के भाव से जनता के बीच कार्य करना चाहिए। चतुर्थ सत्र में पूर्व जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी ने संगठन विस्तार की रणनीति पर प्रकाश डाला, वहीं पंचम सत्र में प्रदेश किसान मोर्चा सदस्य हर्षवर्धन तिवारी ने पार्टी की कार्यपद्धति को विस्तार से समझाया।



### इनकी रही प्रमुख उपस्थिति

कार्यक्रम में प्रदेश भाजयुमो अध्यक्ष राहुल टिकरिहा, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि योगेश तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, जिला पंचायत सभापति प्रीतम सिंह चंदेल, नगर पंचायत अध्यक्ष विशाल राज देशलहरा, पूर्व जिला पंचायत सभापति पुष्पा टकेश साहू, आशीष सोनी, जिला प्रवक्ता रोहित माहेश्वरी, महामंत्री नारायण पटेल, थानेश्वर साहू, यतीश द्विवेदी, कन्हैया वर्मा, विमला कुर्रे, गंगाधर साहू, अरविंद ठाकुर, सीमा वर्मा, कन्हैया सेन, कमल साहू, रमेश सिन्हा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### दूसरे दिन सरकार की उपलब्धियों और तकनीक के उपयोग पर जोर

द्वितीय दिवस के सत्रों में सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक संजीव तिवारी ने छत्तीसगढ़ में जनसंघ से लेकर भाजपा तक के सफर को बताते हुए संगठन की मजबूती में कार्यकर्ताओं की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत से ही प्रदेश में भाजपा की सरकार लगातार सशक्त रूप से कार्य कर रही है। जिला उपाध्यक्ष प्राणिश रजक ने कार्यकर्ताओं को एआई सरल ऐप और नमो ऐप के उपयोग की जानकारी देते हुए कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से गलत सूचनाओं का प्रभावी तरीके से जवाब देना जरूरी है। कार्यक्रम के समापन अवसर पर विधायक दीपेश साहू मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कार्यकर्ताओं को जनता के बीच सक्रिय रहने का संदेश दिया। मंडल अध्यक्ष डोमेन्द्र सिंह राजपूत ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए उनके सहयोग की सराहना की।

# शाला बैजी में उल्लास नवभारत साक्षरता महापरीक्षा का सफल आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- बैजी शाला परीक्षा केंद्र में 22 शिक्षार्थियों की रही उपस्थिति
- केंद्राध्यक्ष ने तिलक लगा व पेन भेंट कर किया स्वागत

रविवार को विकासखंड बेमेतरा अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला बैजी में उल्लास नवभारत साक्षरता महापरीक्षा के तहत असाक्षर व्यक्तियों के लिए परीक्षा का सफल आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 22 शिक्षार्थियों ने उत्साहपूर्वक परीक्षा में भाग लिया, जिसमें महिलाओं की भागीदारी विशेष रूप से अधिक रही। परीक्षा प्रारंभ होने से पहले संस्था के प्रधान पाठक एवं केंद्राध्यक्ष ईश्वरी प्रसाद घृतलहरे ने सभी शिक्षार्थियों का तिलक लगाकर एवं पेन भेंट कर आत्मीय स्वागत किया।

इसके पश्चात परीक्षार्थियों को सुव्यवस्थित तरीके से एक कक्ष में बैठाया गया, जहां पेयजल सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की गई थी। केंद्र में सभी पंजीकृत शिक्षार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा विभाग से विकासखंड शिक्षा अधिकारी कामिनी महिलांग एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयक राजेंद्र कुमार साहू निरीक्षण हेतु पहुंचे। वहीं संकुल समन्वयक इमरान अब्दुल खान सुबह से ही व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान देते रहे। स्वयंसेवी शिक्षक नितेश कुमार यदु एवं डोमन वर्मा ने भी परीक्षा संचालन में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। इस आयोजन को सफल बनाने में शाला स्टाफ, जिनमें शत्रुघ्न साहू, उनीशा सिंह, भारती वर्मा सहित अन्य कर्मचारियों के साथ शाला विकास प्रबंधन समिति के अध्यक्ष गितेश्वर वर्मा, उपसरपंच प्रेमु वर्मा, रसोइया राधा वर्मा, मंजू यादव एवं सफाई कर्मचारी हरिश्चंद्र यादव का विशेष योगदान रहा।

# जनदर्शन में 44 आवेदन, कई मामलों का मौके पर निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर ने सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित दृष्टि सभा कक्ष में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने अपनी मांगों एवं शिकायतों से संबंधित कुल 44 आवेदन प्रस्तुत किए।

जनदर्शन के दौरान कलेक्टर ने प्रत्येक आवेदक की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना तथा कई मामलों में संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही बुलाकर एवं दूरभाष के माध्यम से चर्चा कर त्वरित निराकरण कराया। प्राप्त आवेदनों में निराश्रित, वृद्धा एवं दिव्यांग पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, बैटरी चालित ट्रायसायकल, भूमि से जुड़े प्रकरण, खाद गड्ढा हटाने एवं आम रास्ता खुलवाने जैसे जनहित के मुद्दे प्रमुख रहे। तात्कालिक मामलों का तुरंत निराकरण किया गया, जबकि शेष प्रकरणों को टीएल पंजी में दर्ज कर संबंधित विभागों को निर्धारित समय-सीमा में कार्रवाई के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनदर्शन में प्राप्त सभी आवेदनों का पारदर्शिता, संवेदनशीलता और समयबद्धता के साथ निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि नागरिकों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। इस अवसर पर अपर कलेक्टर प्रकाश कुमार भारद्वाज सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



## साइबर सेल व देवकर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

# 9 जुआरी गिरफ्तार, नकदी सहित 2.38 लाख का सामान बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



जिले में अवैध जुआ गतिविधियों पर नकेल कसते हुए साइबर सेल एवं चौकी देवकर पुलिस टीम ने संयुक्त रूप से बड़ी कार्रवाई करते हुए 9 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से नगदी सहित कुल रु 2,38,380/- का सामान जब्त किया गया है। बताया जा रहा है कि पकड़ाये गये जुआरियों में कई सरकारी कर्मचारी हैं जिनमें कुछ शिक्षा विभाग से है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक मयंक मिश्रा एवं चौकी प्रभारी देवकर उप निरीक्षक अलील चंद को मुखबिर से सूचना मिली थी कि देवकर क्षेत्र के मंगल भवन के पीछे बगीचा नदी किनारे कुछ लोग आम जगह पर काट पत्ती नामक जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने योजनाबद्ध तरीके से मौके पर पहुंचकर रेड कार्रवाई की। रेड के दौरान पुलिस को देखते ही कुछ जुआरी मौके से भाग निकले, जबकि 9 आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान आरोपियों एवं जुआ फड़ से नगद रु 1,43,380/- तथा विभिन्न कंपनियों के 12 मोबाइल (कीमत लगभग रु 95,000/-) और 52 पत्ती ताश बरामद की गई। कुल जब्त सामग्री की कीमत रु 2,38,380/- आंकी गई है।

### इन आरोपियों पर कार्रवाई

पकड़े गए आरोपियों में विजय वर्मा उर्फ धन्नू वर्मा (41), राहुल पांडे (34), कैलाश शर्मा (32), सुरज (50), मिथुन कुंजाम (36), दिनेश साहू (36), मोहन सिन्हा (35), प्रकाश अग्रवाल (51) सभी निवासी देवकर तथा डिकेश कहार (30) निवासी वार्ड क्रमांक 06 धमधा, जिला दुर्ग शामिल हैं।

### जुआ एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज

इस मामले में चौकी देवकर, थाना साजा में छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर सभी आरोपियों के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। पूरी कार्रवाई में साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक मयंक मिश्रा, उप निरीक्षक अलील चंद, सउनि छोटेलाल बंजारे, प्रधान आरक्षक योगेश यादव, आरक्षक संजय पाटिल, नुरेश वर्मा, संतोष धीवर, जयकिशन साहू, रेखन साहू सहित चौकी देवकर के प्रधान आरक्षक ललित केरकेट्टा, आरक्षक मनीष वर्मा, भूषण मारकंडेय, मुकेश पाल, दीपक राजपूत एवं अन्य स्टाफ के संयुक्त प्रयास से संपन्न हुई।

## डाइट व्याख्याता थलज ने तीन परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

# जिले के 545 केंद्रों में 10 हजार से अधिक नव-साक्षरों ने दिखाया उत्साह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान आकलन परीक्षा का आयोजन किया गया।

जिले के 545 परीक्षा केंद्रों में 10 हजार से अधिक शिक्षार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। राज्यव्यापी इस परीक्षा के सफल संचालन हेतु अधिकारियों की टीम को मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी दी गई थी। इसी क्रम में डाइट के व्याख्याता थलज कुमार साहू ने साजा विकासखंड के अंतर्गत आने वाले सुवरतला, बीजागोड़ एवं बिरनपुर परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी केंद्रों में परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संचालित होती पाई गई। परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए सभी केंद्रों में पानी एवं नाश्ते की समुचित व्यवस्था की गई थी, बीजागोड़ परीक्षा केंद्र में टेबल-कुर्सी की व्यवस्था रही, जबकि बिरनपुर में परीक्षार्थियों ने दरी पर बैठकर परीक्षा दी। बीजागोड़ परीक्षा केंद्र में संकुल समन्वयक मनीराम श्रीवास एवं केंद्राध्यक्ष विशेषर नेताम की सक्रियता से सभी 6 शिक्षार्थियों की 100% उपस्थिति रही। यहां व्यवस्थाएं उत्कृष्ट रहीं और सभी शिक्षार्थियों ने सफलतापूर्वक प्रश्नपत्र हल किया। इस दौरान संकुल प्राचार्य सुरेश कुमार कन्नौजे भी उपस्थित रहे और शिक्षार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

### बिरनपुर केंद्र में 11 परीक्षार्थी रहे उपस्थित

साजा विकासखंड के अंतिम छोर पर स्थित शासकीय प्राथमिक शाला बिरनपुर में सभी 11 शिक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जिनमें 10 महिलाएं एवं 1 पुरुष शामिल थे। केंद्र तक शिक्षार्थियों को लाने में संकुल समन्वयक यशवंत कुमार शर्मा, पर्यवेक्षक दिलीप कुमार पटेल एवं केंद्राध्यक्ष भूपेंद्र कुमार गंधर्व की महत्वपूर्ण भूमिका रही। स्वयंसेवक के रूप में कु. मधु एवं कु. रेशमा भी उपस्थित रहीं। इसी तरह सुवरतला परीक्षा केंद्र में सभी 4 शिक्षार्थियों ने परीक्षा दी। यहां सहायक शिक्षिका बेला ध्रुव, माहेश्वरी साहू एवं संकुल समन्वयक मनीराम श्रीवास की उपस्थिति में परीक्षा सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुई।

# श्रीमद् भागवत कथा व ज्योत ज्वारा में शामिल हुए छाबड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शहर के वार्ड क्रमांक 16 में महिला समिति द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा कांग्रेस जनों के साथ शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने सुख-समृद्धि एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की। कार्यक्रम में मंगत साहू, सुमन गोस्वामी, मनोज शर्मा, चंद्र प्रकाश शीतलानी, नारायण छाबड़ा, रीता पांडे, योगिता साहू, प्रकाश ठाकुर, राजू साहू, घनश्याम देवांगन, शुभम सोनी सहित अन्य नागरिक एवं कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

इसके पश्चात आशीष छाबड़ा ने कांग्रेस साथियों के साथ शहर में विभिन्न स्थानों पर आयोजित ज्योत ज्वारा दर्शन कार्यक्रमों में भी सहभागिता की। इस दौरान वे यूट्यूबर दिलीप देवांगन एवं राजेंद्र देवांगन के निवास, सीताराम यदु (वार्ड 16) एवं तुकाराम यदु (वार्ड 15) के यहां आयोजित कार्यक्रमों में पहुंचे और श्रद्धापूर्वक दर्शन किए। उन्होंने संबंधित परिवारों सहित शहर एवं पूरे जिले के नागरिकों के लिए सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना करते हुए नवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं दीं।

## राहत एवं सहायता राशि समय पर देने, कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने पर विशेष जोर

# अनुसूचित जाति एवं जनजाति प्रकरणों की समीक्षा, पीड़ितों को शीघ्र न्याय दिलाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार प्रकरणों की समीक्षा, पीड़ितों को शीघ्र न्याय दिलाएं

जिले में अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग से जुड़े प्रकरणों की गंभीरता को देखते हुए जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की महत्वपूर्ण बैठक जिला पंचायत के सभागृह आयोजित की गई। बैठक में अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत दर्ज प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की गई। सीईओ ने स्पष्ट निर्देश दिए कि न्यायालयों में लंबित मामलों में तेजी से कार्रवाई की जाए और पीड़ितों को शीघ्र न्याय दिलाना सर्वोच्च प्राथमिकता रहे। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के विरुद्ध समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिला पंचायत सीईओ ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अत्याचार से पीड़ित व्यक्तियों को शासन द्वारा निर्धारित राहत एवं सहायता राशि तुरंत उपलब्ध कराई जाए। साथ ही पीड़ितों, उनके आश्रितों एवं साक्षियों को यात्रा भत्ता, दैनिक भत्ता, भरण-पोषण सहायता तथा आवश्यक परिवहन सुविधा समय पर उपलब्ध कराई जाए, ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो। बैठक में अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना सहित अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के कल्याण के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पात्र हितग्राहियों की पहचान कर उन्हें योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर दिलाया जाए और स्वीकृति से संबंधित सभी लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण किया जाए। सीईओ ने यह भी निर्देश दिए कि अत्याचार से संबंधित मामलों में अपराध की सूचना मिलते ही संबंधित पुलिस अधिकारी तत्परता से अपराध दर्ज करें, दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की जाए तथा विशेष न्यायालय में समय पर चालान प्रस्तुत किया जाए।

साथ ही विशेष लोक अभियोजक द्वारा प्रभावी पैरवी सुनिश्चित करने और अपील योग्य मामलों में समय पर अपील की कार्रवाई करने पर भी जोर दिया गया। बैठक के अंत में सीईओ ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के लोगों को न्याय, सुरक्षा और शासन की योजनाओं का लाभ समय पर मिलना प्रशासन की सर्वोच्च जिम्मेदारी है।



